दैनिक जागरण 04/03/2026

काजल ने आइकेएस परीक्षा में हासिल किए 95 अंक प्राप्त

अंबाला • **विज्ञप्ति** : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला छावनी में आयोजित भारत बौद्धिक्स आइकेएस परीक्षा में जीएमएन नर्सिंग कालेज की छात्रा काजल हुड्डा ने 100 में से 95 अंक अर्जित कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। भारतीय ज्ञान परंपरा (इंडियन नालेज सिस्टम) पर आधारित इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विरासत के प्रति जागरूकता, समझ और गर्व की भावना विकसित करना है। काजल के उत्कृष्ट प्रदर्शन से कालेज परिसर में उत्साह और गौरव का वातावरण है। काजल हुड्डा को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए भारत बौद्धिक्स की ओर से ढाई हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी एक सशक्त मार्गदर्शक है।

काजल हुड्डा।